## ब्रीफ न्यूज

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना फार्म अब 11 दिसम्बर तक जमा होंगे

**रीवा, स्वतंत्रमत।** निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में फार्म जमा करने की समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है। अब मतदाता गणना फार्म 11 दिसम्बर तक जमा किए जा सकेंगे। इससे पूर्व यह तारीख 4 दिसम्बर तय थी। आयोग के नए कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। ड्राफ्ट जारी होने के बाद 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई जा सकेंगी। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी 16 दिसम्बर से 7 फरवरी तक आपत्तियों पर फैसला लेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

### गीता महोत्सव का आयोजन आज कालेज ग्राउण्ड में

**मऊगंज।** गीता जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय मऊगंज में अन्तर्राष्टीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन एक दिसंबर को किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 15 का सस्वरपाठ किया जायेगा। यह कार्यक्रम शहीद केदारनाथ महाविद्यालय ग्राउण्ड में आयोजित किया गया है।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तिथि सात दिन बढ़ाई गई

**मऊगंज।** निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में फार्म जमा करने की समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है। अब मतदाता गणना फार्म 11 दिसम्बर तक जमा किए जा सकेंगे। इससे पूर्व यह तारीख 4 दिसम्बर तय थी। आयोग के नए कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। ड्राफ्ट जारी होने के बाद 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई जा सकेंगी। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी 16 दिसम्बर से 7 फरवरी तक आपत्तियों पर फैसला लेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ छात्राओं को सुरक्षा अधिकार एवं आत्मनिर्भरता का पाठ

## विद्यालय में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### छात्राओं ने रचनात्मक प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

रीवा, स्वतंत्रमत



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संदीपनी सी.एम. राइज कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पाण्डेन टोला में वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सरकारी सहायता तंत्रों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें समाज में एक मजबूत नेतृत्वकर्ता बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं की उपस्थिति और विभागीय टीम के आगमन से हुई। प्राचार्य श्री बी.पी. सिंह ने शिक्षा और सुरक्षा को समाज की प्रगति का केंद्र बताते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम चरण में छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमें निबंध लेखन महिला सशक्तिकरण-नया भारत, पोस्टर निर्माण बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी गतिविधियाँ शामिल थीं। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल बन गया।

कार्यक्रम के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा वन स्टॉप सेंटर सखी की टीम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में एक विस्तृत जागरूकता सत्र आयोजित किया। सत्र में छात्राओं को पांच प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को संकट, हिंसा, उत्पीड़न, बाल विवाह और घरेलू हिंसा में तत्काल व गोपनीय सहायता प्राप्त करने के लिए महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी दी गयी। बच्चों से जुड़े अपराध, उत्पीड़न और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया। इसी प्रकार बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के तहत कानूनी संरक्षण, आयु प्रमाण पत्र की महत्ता और शिकायत प्रक्रिया के संबंध में बाल विवाह निषेध एवं कानूनी संरक्षण से अवगत कराया गया। साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता के तहत सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार, ऑनलाइन ठगी से बचाव, पासवर्ड सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के उपाय संबंधी जानकारी दी गयी। छात्राओं को विपरीत परिस्थिति में विवेकपूर्ण निर्णय लेने और आत्मरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी के लिए आत्मरक्षा का महत्व बताया गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक श्रुति मिश्रा, रेनु गौतम, सलमा खान और श्री क्षितिज तिवारी की टीम ने इन सभी विषयों को सरल भाषा और वास्तविक उदाहरणों के साथ समझाया, जिससे छात्राओं का आत्मविश्वास और चेतना उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य बी.पी. सिंह, अध्यापक अश्विनी प्रताप सिंह, शिक्षिका विद्यावती और विभागीय स्टाफ ने छात्राओं को प्रेरक उद्बोधन दिए। वक्ताओं ने एकमत से कहा कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास ही महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की सबसे सशक्त ढाल है। उन्होंने छात्राओं से किसी भी प्रकार की समस्या या संदेहास्पद परिस्थिति में डरने के बजाय तत्काल सूचित करने और उपलब्ध सरकारी संसाधनों का उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन और विभागीय टीम ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के सिलसिलेवार आयोजन का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान सबकी बेटी-सबका गर्व, सुरक्षित बेटी-समृद्ध भारत संदेश गूंजता रहा।

# रीवा जिला खो-खो संघ के नाम का कर रहे दुरुपयोग

**रीवा, स्वतंत्रमत।** जिला खो-खो एसोसिएशन के सह सचिव अनिल सिंह ने जानकारी देते हुए बतलाया कि कल दिनांक 30/11/2025 दिन रविवार अनावश्यक संगठन एवं अनावश्यक व्यक्ति शिवम शुक्ला जो अपने आप को जिला खो-खो संघ के सचिव विजय प्रताप सिंह बताया कि उनके द्वारा खेल के नाम से अनावश्यक रूप से पैसा वसूला जा रहा है एवं रीवा जिला खो-खो सघ की मुख्य इकाई जिसके अध्यक्ष डॉक्टर बी एन त्रिपाठी सचिव डॉ विजय प्रताप सिंह सचिव श्री अनिल सिंह कोषाध्यक्ष आशीष सिंह परिहार उपाध्यक्ष राजबहोर साहू सदस्य नितेश सिंह एवं अन्य पदाधिकारी जो संगठन में जुड़े हुए हैं उनका नाम जोड़कर एक गलत संगठन द्वारा लगातार खेलों को बदनाम किया जा रहा है लगातार रीवा के खेल को बढ़ावा देने के लिए रीवा जिला खो खो संगठन ने बड़े-बड़े कार्य किया लेकिन शिवम शुक्ला नामक व्यक्ति ने इस खेल को अनावश्यक रूप से पैसे कमाने के लिए एवं संगठन का नाम का इस्तेमाल कर रहा है क्योंकि आप सभी को इस संगठन की कॉपी प्रेषित है आप सभी तय कर लीजिए कि रीवा जिला खो खो संगठन रीवा जिला को खो - खो संघ किस के पास है लगातार फॉर्म ऑफ सोसाइटी में इसकी नोटिस भेजी जा चुकी है कलेक्टर रीवा एवं हाई कोर्ट में इस अपील को दायर कर दिया गया है जल्द ही इसका फैसला कराया जाएगा इसके बावजूद भी शिवम शुक्ला द्वारा दिनांक 30 नवंबर को मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में ट्रायल कराया जा रहा है जिसका विरोध संघ के सभी पदाधिकारी ने किया है एवं आपकी और सूचित किया है कि इस सूचना से सभी जिले के खिलाड़ियों को सूचित करें कि इस तरह की प्रतियोगिता ट्रायल प्रतियोगिता में कोई भी खिलाड़ी हिस्सा ना ले एवं अनावश्यक रूप से ट्रायल प्रतियोगिता में लगने वाली फीस को भी ना पे करें पिछली सीनियर स्तर की प्रतियोगिता शिवम शुक्ला जहां पदस्थ हैं प्राइवेट स्कूल रीवा इंटरनेशनल स्कूल में वहां कराई थी जहां लीगल नोटिस के माध्यम से जब यह जानकारी भेजी गई तब वहां के डायरेक्टर के द्वारा शिवम शुक्ला जी को इस प्रतियोगिता कराने के लिए उनके स्कूल द्वारा मना कर दिया गया इस वर्ष प्रतियोगिता इस बार जूनियर वर्ग की मॉडल साइंस कॉलेज को स्थान तय किया है और खिलाड़ियों को अनावश्यक रूप से भ्रमित किया जा रहा है रीवा जिला खो खो संघ अपनी सहमत इस प्रतियोगिता के लिए नहीं देता है एवं शिवम शुक्ला एवं उनके पूर्ण पदाधिकारी को इस प्रतियोगिता को करने के लिए मना करता है अगर शिवम शुक्ला के पास संगठन का पंजीयन है एवं वह रजिस्टर्ड है तो वह अपनी कॉपी आज दिनांक तक भेजी नहीं है उनको लीगल नोटिस भी भेजी गई है जो आपकी और प्रेषित है अतः रीवा जिला के सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि इस ट्रायल प्रतियोगिता में हिस्सा ना लें अगर आप हिस्सा लेते हैं तो इसकी जवाबदारी रीवा जिला खो-खो एसोसिएशन की नहीं होगी।

# गीता जयंती पर आज एनसीसी ग्राउंड में होगा सामूहिक गीता पाठ

**रीवा, स्वतंत्रमत।** गीता जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन रीवा, नगर निगम रीवा एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानाम् के सहयोग से एक दिसम्बर को एन.सी.सी. ग्राउंड रीवा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ किया जाएगा। इस सामूहिक पाठ में लगभग 5100 गीता प्रेमी एक साथ मंत्रोच्चार के साथ शामिल होंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमे विशेष थीम माधव दर्शन एवं गो और गोपाल में लघु चित्र शैलियों में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूप एवं भारतीय चित्रकला शैलियों में श्रीकृष्ण की विविध छवियां प्रदर्शित की जाएँगी। प्रशासन ने बताया कि यह महोत्सव अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञान के संगम का अनूठा अवसर होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि संभाग स्तर पर 5100 व्यक्ति सामूहिक रूप से गीता पाठ करेंगे। जिला स्तर पर 1100 तथा विकासखण्ड स्तर पर 500 व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से गीता अध्याय का पाठ किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने कहा है कि सभी एसडीएम तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीता जयंती समारोह के लिए आवश्यक प्रबंध करें। अपने क्षेत्र के प्रमुख श्रीकृष्ण मंदिर की साफ-सफाई कराकर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन कराएं।

# माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर चिंतन-संगोष्ठी संपन्न

## संविधान नागरिक को जागरूक बनाता है : डॉ. सत्येंद्र डहेरिया

**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा संविधान की आत्मा, नागरिकों के अधिकार और लोकतांत्रिक मर्यादाओं विषय पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय,रीवा परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. सत्येन्द्र डहेरिया ने कहा कि संविधान ने भारत को शासन की व्यवस्था देने के साथ ही देश के हर नागरिक को जागरूक, संवेदनशील और समान अधिकारों वाला व्यक्ति बनाने का दायित्व भी निभाया है। उन्होंने कहा कि यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद हमें न्याय, स्वतंत्रता और समानता तो देते ही हैं, पर इसके मूल में सद्भाव, समता और सामाजिक एकता समाहित हैं। उन्होंने बताया कि %संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग करना है। एडजंक्ट प्रोफेसर जयराम शुक्ल ने अपने वक्तव्य में संविधान को भारतीय लोकतंत्र का जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि जिस तरह स्वतंत्रता आंदोलन में कलम ने सत्ता को चुनौती दी, उसी तरह संविधान ने आम नागरिक के अधिकारों को सबसे बड़ी ढाल प्रदान करने का काम किया है। लेकिन यह ढाल तभी प्रभावी है जब नागरिक अपनी जिम्मेदारी और दायित्व निभाए। संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, पर साथ ही यह अपेक्षा भी करता है कि नागरिक सत्य, संयम और संवाद की मर्यादा न भूलें। डॉ बृजेश पांडेय ने तकनीकी युग में संविधान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तेजी से बदलते समय में संविधान एक स्थिर मार्गदर्शक की तरह है।

# मऊगंज में 423434 गणना पत्रक हुए डिजिटाइज, 88.26 प्रतिशत काम पूरा

**मऊगंज, स्वतंत्रमत।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करके जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन में तेजी आई है। जिले में 30 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 423434 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। यह कुल लक्ष्य का 88.26 प्रतिशत है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 479769 मतदाता दर्ज हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 205522 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 217912 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 88.81 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 87.75 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। बीएलओ को सहयोग देने के लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता को तैनात किया गया है।

# नव व्याहता की हत्या, पति लाश को पलंग के नीचे ठिकाने लगा गेट बंद कर घर से फरार

## मायके पक्ष के लोग रात मे गुढ़ थाने का घेराव करने को मजबूर

**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गुढ़वा में जंहा पत्नी की हत्या कर पति फरार बताया जा रहा है। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि 25, वर्षीय नव व्याहता नेहा पटेल की हत्या उसके पति रणजीत पटेल ने आज सुबह कर दी है, उसके बाद लाश को रूम में बेड के नीचे छिपा कर घर से फरार हो गया है, इस घटना से पूरा गांव दहल गया है, जानकारी के मुताबिक इसी वर्ष विगत 05, मई 2025 को नेहा की शादी रणजीत पटेल के साथ गुढ़वा गांव में हुई थी, नेहा का मायका सीधी जिले की रामपुर नैकिन जनपद अंतर्गत पड़खुरी गांव में है, मृत्तिका के मायके वालों के मुताबिक मृतका का ससुर बिजली विभाग में नौकरी कर्ता है, और लड़का दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग कर रहा था, जिसकी बजह से शादी के बाद कई बार मारपीट और विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है, अब पोस्टमार्टम के बाद घर के बाहर लाश पडी है और पति फरार है।

**गुढ़ पुलिस की मनमानी परिजन इस ठंड में थाने में बाहर बैठने को मजबूर :** मृत्तिका के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंची गुढ़ पुलिस थाना प्रभारी के निर्देशन पर खानापूर्ति करते हुए पंचनामा करा कर शव का पीएम तो करा लिया है, लेकिन मायके पक्ष की बात सही तरीके से नहीं सुनी गई ना ही आरोपी पति के खिलाफ कोई प्रकरण दर्ज किया गया, ना ही पुलिस उसे ढूढ़ रही है, जिससे आहत परिजन इस ठंड में रात को थाने के बाहर बैठ कर थाने का घेराव करने को मजबूर हो गए, जंहा महिलाएं बच्चे और उनके साथ बड़ी संख्या मे अन्य लोग भी थाने के बाहर बैठे हुए है, इसके बाद भी गुढ़ थाना प्रभारी का दिल नहीं पसीज रहा, गुढ़ पुलिस का इससे बड़ा अमानवीय व्यवहार और क्या हो सकता है, थाना प्रभारी की तानाशाही और अमानवीयता के चलते क्षेत्र मे अराजकता व्याप्त है, आप को बता दे कि इस थाना प्रभारी का विवादों से नाता रहा है, यह जंहा भी रहे है, इनके कारनामों के अनेक किस्से है, और खुद को सिंघम समझते है हनुमना से इनकी कार गुज़रियों के चलते ही इन्हें वंहा से हटाया गया था, अब गुढ़ मे भी यह अपना असली रूप दिखा रहे है।

# नगर निगम रीवा द्वारा शीत ऋतु में निरंतर अलाव व्यवस्था जारी

## शीतलहर में राहगीरों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से मिलेगी सतत राहत





**रीवा, स्वतंत्रमत।** शीत ऋतु में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर अलाव व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। शहर के 14 प्रमुख स्थलों पर प्रतिदिन रात के समय अलाव जलाकर राहगीरों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत दी जा रही है। अलाव की यह व्यवस्था दैनिक रूप से जारी रखते हुए निगम द्वारा सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक निर्धारित स्थान पर समय पर लकड़ी की आपूर्ति हो और अलाव रातभर उपलब्ध रहे। निगम की टीम नियमित रूप से इन स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए है। अलाव व्यवस्था जिन प्रमुख स्थलों पर निरंतर जारी है उनमें साईं मंदिर परिसर, मनकामेश्वर मंदिर के पास,पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, संजय गांधी अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार, दीनदयाल आश्रय स्थल के बाहर, अटल आश्रय स्थल के बाहर एवं अन्य भीड़भाड़ वाले प्रमुख सार्वजनिक स्थल शामिल है ।

# छात्रावास अधीक्षक प्रभार से मुक्त

**मऊगंज।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास दुबगवां की अधीक्षक श्रीमती शकुंतला नीरत को अस्थाई रूप से सौंपे गए वार्डन के प्रभार से मुक्त किए जाने संबंधी आदेश दिए गए हैं। कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा बताया गया कि श्रीमती नीरत द्वारा उच्च न्यायालय में गलत तथ्य प्रस्तुत कर जानकारी दी गई कि उनके द्वारा अनुसूचित जनजातीय छात्रावास अधीक्षक पद से त्यागपत्र दे दिया गया है। जबकि वर्तमान में भी श्रीमती नीरत उत्कृष्ट कन्या छात्रावास मऊगंज में अधीक्षक पद के दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास दुबगवां के वार्डन के प्रभार से मुक्त करने के उपरांत उनके द्वारा 6 लाख 67 हजार 699 रुपए का अनुचित आहरण कर वित्तीय अनियमितता की गई जिसके लिए श्रीमती शकुंतला नीरत प्रत्यक्षतः जिम्मेदार हैं।

# बहुती पी.एच-2 क्लस्टर के 17 ग्रामों में पाइप नेटवर्क के माध्यम से होगी सिंचाई

## जिला स्तरीय क्रियान्वयन कमेटी की बैठक संपन्न



**रीवा, स्वतंत्रमत।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रीवा जिले में पम्प हाउस एवं प्रेस राइज्ड पाइप सिंचाई नेटवर्क के माध्यम से 10 ग्राम पंचायतों के 17 ग्रामों में सिंचाई की सुविधा प्रदान की जायेगी। यह योजना बहुती पी.एच-2 क्लस्टर में 63.20 करोड़ रूपये की लागत से 3160 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मुहैया करायेगी। स्वीकृति राशि में से 60 प्रतिशत राशि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी।

परियोजना के तहत जिले के चयनित क्लस्टर के विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन, अनुश्रवण व समीक्षा के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सिंचाई क्षेत्र के किसानों को कृषि व उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिये विभागीय अधिकारी जागरूक करें तथा धस्प्रकलर के माध्यम से सिंचाई कार्य के लिये प्रोत्साहित करें। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों को प्रशिक्षण देकर उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों व स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सिंचाई सुविधा प्राप्त कर किसानों को उन्नत व अत्याधुनिक फसलों के लिये प्रोत्साहित करने के लिये सहभागी बनायें।

बैठक में अधीक्षण यंत्री जल संसाधन विभाग मनोज तिवारी ने बताया कि इस योजना से धौखरी (299), धौखरी (300), गेरूई, कस्तरा, शुकुलगवां, किटहा, धौखरा (290), सहिजना, पतेरी (344), पतेरी (346), अमिलकी, बांसा, मडवा, गहिरा, टीकर, सुपिया तथा शिवपुर्वा ग्रामों के किसानों को पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी, सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर रैक से 1776 टन यूरिया का हो रहा वितरण

**रीवा, स्वतंत्रमत।** फसल की बुवाई तथा सिंचाई के समय यूरिया खाद की मांग बढ़ जाती है। रीवा संभाग के सभी जिलों में यूरिया की नियमित आपूर्ति की जा रही है। इस संबंध में मण्डल प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ ने बताया कि वर्तमान में नीम कोटेड यूरिया की आपूर्ति की जा रही है। रीवा संभाग में रेलवे के रैक प्वाइंट रीवा, सतना, बरगवां सिंगरौली जिला से खाद की आपूर्ति की जा रही है। मैहर जिले को कटनी और झुकेही से भी खाद प्राप्त हो रही है। रीवा रेलवे स्टेशन में लगने वाली रैक से 1776 टन नीम कोटेड यूरिया का वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक रैक से डबल लॉक सेंटर, सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं को खाद दी जा रही है। प्रत्येक रैक से चोरहटा को 125 टन, मऊगंज को 100 टन, हनुमना को 100 टन, गुढ़ को 100 टन, जवा को 100 टन, उमरी को 100 टन, सीधी को 75 टन, अमिलिया जिला सीधी को 108 टन, चुरहट जिला सीधी को 135 टन तथा हड़बड़ो जिला सीधी को 58 टन खाद दी जा रही है। सहकारी समितियों से वितरण के लिए प्रत्येक रैक में 700 टन खाद जिला सहकारी बैंक को दी जा रही है। मार्केटिंग सोसायटी के माध्यम से 75 टन खाद का वितरण किया जा रहा है। विपणन सहकारी संस्था सेमरिया, चाकघाट तथा रायपुर कर्चुलियान को 25-25 टन यूरिया खाद दी जा रही है। खाद की रैक नियमित रूप से प्राप्त हो रही है।

# गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पहुंचा 96.55 प्रतिशत

## सेमरिया विधानसभा में सौ प्रतिशत हुआ गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन

**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में 30 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 1342650 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। सेमरिया विधानसभा में सौ प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के मतदान केन्द्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। अब तक जिले में कुल 96.55 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 97.01 प्रतिशत, सेमरिया में 100 प्रतिशत, त्योंथर में 96.35 प्रतिशत, मनगवां में 95.17 प्रतिशत, रीवा में 91.85 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 98.91 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 217992, सेमरिया में 228658, त्योंथर में 212733, मनगवां में 240009, रीवा में 208491 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 234767 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं।

### ग्रामीणों का कहना है कानून अगर किताबों में है, तो उसे जमीन पर भी दिखना चाहिए

# मामला झाबुआ पावर प्लांट की लापरवाही से घंसौर-कहानी-लखनादौन-धूमा में बढ़ा प्रदूषण

सिवनी (स्वतंत्रमत )

झाबुआ पावर प्लांट की लगातार बढ़ती लापरवाही अब चार विकासखंडों के हजारों लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा हमला बन चुकी है। घंसौर, कहानी, लखनादौन और धूमा क्षेत्र में 2 किलोमीटर लंबे ग्रामीण मार्ग पर बिना ढंके वाहनों से फ्लाई ऐश का खुलेआम परिवहन जारी है। सड़क पर राख की मोटी परतें जमा होने से हर गुजरती हवा के साथ जहरीली धूल का गुबार उठता है, जिसके बीच बच्चे, बुजुर्ग और ग्रामीण रोज़ साँस लेने को मजबूर हैं।

कलेक्टर के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाईं

ग्रामीणों की शिकायतों के बाद कलेक्टर ने 18 फरवरी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत स्पष्ट निर्देश दिए थे।

**फ्लाई ऐश केवल पूरी तरह ढंके वाहनों में ले जाई जाए,**

सड़क पर राख मिले तो तुरंत सफाई हो,

प्रदूषण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। झाबुआ पावर प्लांट का प्रबंधन और उसका परिवहन ठेकेदार पशुपति नाथ कंपनी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए आज भी खुले डंपरों से राख उड़ाते घूम रहे हैं। आदेश कागज पर सजे हैं, जमीन पर कहीं दिखाई नहीं देते।



**वैज्ञानिक चेतावनी: 'धीमा ज़हर' हर घर तक पहुंचा**

फ्लाई ऐश सिर्फ साधारण राख नहीं, बल्कि खतरनाक धातुओं आर्सेनिक, सीसा और पारे का मिश्रण है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह हवा में कई किलोमीटर तक फैलती है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर त्वचा रोग, फेफड़ों की बीमारी, ब्रेन डैमेज और कैंसर तक का खतरा पैदा करती है।



प्रभावित गांवों में खांसी, एलर्जी, सांस की समस्या और पीने के पानी में राख की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। खेतों पर जम रही राख किसानों की फसल तक को प्रभावित कर रही है।

**प्रशासन खामोश, ठेकेदार बेखौफ**

सबसे बड़ा सवाल हैजब जिम्मेदारी परिवहन ठेकेदार पर स्पष्ट है, तो न कोई एफआईआर , न लाइसेंस निलंबन, न ब्लैकलिस्टिंग क्यों?

ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन ने केवल कागजी कार्रवाई कर मामला दबाने की कोशिश की, जबकि असल हालात जस के तस हैं।

**ग्रामीणों की मांग: अब नहीं, तुरंत कार्रवाई चाहिए**

क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से चार प्रमुख मांगें रखी हैं झाबुआ पावर लिमिटेड पर पर्यावरण उल्लंघन की एफआईआर पशुपति नाथ परिवहन कंपनी का लाइसेंस निलंबित किया जाए,प्रभावित इलाके में तुरंत सड़क धुलाई व डस्ट कंट्रोल अभियान चले,फ्लाई ऐश परिवहन पर 24 घंटे निगरानी लगाई जाए।

ग्रामीणों का कहना है कानून अगर किताबों में है, तो उसे जमीन पर भी दिखना चाहिए। अब सांस बचानी है, इसलिए कार्रवाई जरूरी है।

# आज मनाया जायेगा गीता जयंती महोत्सव

### जिला मुख्यालय के साथ ही विकासखण्ड में आयोजित होगी विभिन्न गतिविधियां

सिवनी (स्वतंत्रमत )

मध्यप्रदेश शासन एवं विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में इस वर्ष गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जिला, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर पर सामूहिक गीता पाठ करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में सिवनी जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में 01 दिसंबर 2025 को जिला मुख्यालय स्थित मिशन स्कूल मैदान में प्रातः 10 बजे से 1100 लोगों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक कंठस्थ पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखण्ड एवं तहसील मुख्यालयों में 500 लोगों की भागीदारी के साथ सामूहिक गीता पाठ का आयोजन होगा।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिवनी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

इसी तरह विकासखण्ड एवं तहसील स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके साथ संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।

## जिले में यूरिया, डी.ए.पी. एवं टी.एस.पी. उर्वरक की आगामी दिवसों में होगी आवक

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार सिवनी जिले में कृषकों को आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। प्राप्त रैक प्लान के अनुसार आगामी तीन दिवस में छिंदवाड़ा, जबलपुर एवं सिवनी रैक के माध्यम से जिले में विभिन्न उर्वरकों की आवक प्रस्तावित है। जबलपुर कच्छपुरा रैक से जिले को 90 मैट्रिक टन ट्रिपल सुपर फॉस्फेट (टी.एस.पी.) प्राप्त होगा, जिसे लखनादौन क्षेत्र की समितियों में भंडारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा जिले में लगने वाली ब्रह्मपुत्र कंपनी की रैक से सिवनी को 100 मैट्रिक टन यूरिया सहकारी क्षेत्र हेतु प्राप्त होगा, जिसका भंडारण देवघाट एवं सिवनी डबल लॉक केंद्रों पर किया जाएगा। सिवनी जिले में लगने वाली ब्रह्मपुत्र कंपनी की रैक से 1333 मैट्रिक टन यूरिया सहकारी क्षेत्र में उपलब्ध होना प्रस्तावित है। इसी प्रकार चंबल फर्टिलाइज़र लिमिटेड की छिंदवाड़ा जिले में लगने वाली रैक से सिवनी जिले को 495 मैट्रिक टन डी.ए.पी. उर्वरक प्राप्त होगा। नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड की ओर से सिवनी जिले में ट्रिपल सुपर फॉस्फेट एवं अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट (20:20:00:13) की रैक प्रस्तावित है, जिससे जिले को 1339 मैट्रिक टन अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट, तथा 1339 मैट्रिक टन ट्रिपल सुपर फॉस्फेट सहकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध होगा। जिले में आगामी दिनों में उर्वरकों की सतत आवक सुनिश्चित की जा रही है। किसान भाइयों से संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग तथा वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर उन्नत कृषि उत्पादन प्राप्त करने की अपील की है।

# बिना बीमा वाले वाहनों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही



सिवनी (स्वतंत्रमत )

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है, साथ ही पुलिस मुख्यालय द्वारा बिना बीमा वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लिए वाहन बीमा का महत्व, वाहन का बीमा ना होने पर सड़क दुर्घटना के समय होने वाली कानूनी एवं वित्तीय समस्याओं के बारे में एक सामान्य एडवाइजरी जारी की गई है।

इसी के तहत यातायात पुलिस सिवनी द्वारा ऐसे वाहन चालक जो बिना बीमा के वाहन चलाते पाए गए, उन पर कार्यवाही की गई साथ ही उन्हें बीमा के फायदे एवं ना होने पर उससे होने वाले कानूनी समस्या एवं वित्तीय परिणामों से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों को यह हिदायत भी दी गई की वाहन बीमा कराने पर वे इन सभी समस्याओं से निजात पा सकते हैं एवं स्वयं को अपने वाहन को एवं अन्य व्यक्ति को भी सुरक्षित कर दुर्घटना के दौरान समुचित आवश्यक वित्तीय सहायता बीमा कंपनियों के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा बिना बीमा वाले 12 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 14000/- रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। जिला पुलिस सिवनी की समस्त नागरिकों से अपील है कि अपने वाहनों का बीमा अवश्य कराए ।

# बरघाट पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ विक्रय के लिये ले जा रहे आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

### पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के द्वारा जिले मे चल रहे अवैध गतिविधियो पर

सिवनी (स्वतंत्रमत )

नियत्रंण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना। चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 30/011/25 को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिहोरा थाना लालबर्रा जिला बालाघाट का रहने वाला जियाउल हक अपनी फोरव्हीलर कार क्रमांक एमपी 50 जेडजी 2025 सफेद रंग मे अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के लिये सिवनी तरफ अपने एक साथी के साथ ग्राम सिहोरा से सिवनी तरफ जा रहा है। उक्त सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक सुनिल मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्र के द्वारा निर्देशित करने पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर बताए गये अनुसार ग्राम जेवनारा हाई




स्कूल के पास मेनरोड पर नाकाबंदी की गई जो उक्त बताये गये नम्बर की कार बालाघाट तरफ से आती दिखाई दी जो पुलिस को देखकर ग्राम जेवनारा हाई स्कूल के पास कुछ दूरी पर कार चालक ने कार को रोक दिया एवं कार को बालाघाट तरफ रिर्व्स करने का प्रयास कर रहा था जो पुलिस द्वारा हिकमातमली से कार चालक को मय कार के रोका गया। कार चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम जियाउलहक पिता हनीफ खान उम्र 43 साल निवासी ग्राम सिहोरा थाना लालबर्रा व चालक के साईड सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शफिक पिता रशिद खान उम्र 49 साल निवासी ग्राम कंजई थाना लालबर्रा जिला बालाघाट बताया जो कार को गवाहो के समक्ष चेक करने पर शफिक खान जिस सीट पर बैठा उस सीट के नीचे पारदर्शी पालीथीन से अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसा पदार्थ मिला जिसे गवाहों के समक्ष तौल करने पर करीब 880 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती करीब 9000 रूपये का पाया जो मौके पर अवैध मादक पदार्थ गांजा 880 ग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन कार क्रमांक एमपी.50 जेडडी. 2025 गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपीगणो के विरूद्ध विधिवित कार्यवाही की गई है। नाम पता आरोपीगण जियाउल हक पिता हनीफ खान उम्र 43 साल निवासी ग्राम सिहोरा थाना लालबर्रा जिला बालाघाट, शफिक पिता रशिद खान उम्र 49 साल निवासी ग्राम कंजई थाना लालबर्रा जिला बालाघाट जप्त संपत्ति (1) 880 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 9,000 रूपये। (2) टायसोर कार क्रमांक एमपी. 50 जेडजी. 2025 किमती 9,50,000 रूपये।

**सरहानीय कार्य**

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन मे निरीक्षक मोहनीशसिंह बैस, सउनि. लुपेश राहंषडाले, आर. उमेन्द्र, आर. संजू, आर राजेन्द्र राजपूत व चालक आर चन्द्रदीप हिवारे का विशेष योगदान रहा।

## महाकौशल प्रांत में प्रारंभ हुआ संघ का व्यापक गृह संपर्क अभियान

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश भर में व्यापक गृह संपर्क करने की योजना है। इस निमित्त महाकौशल प्रांत में भी रविवार 30 नवंबर 2025 से व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )

महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर द्वारा बताया गया कि प्रांत के 10 विभाग तथा 34 जिलों के 23914 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों के 65 लाख से अधिक परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा। इसी क्रम में संघ संरचना अनुसार सिवनी और लखनादौन जिलों के सभी 13 खंडों 4 नगरों 1619 ग्रामों के 2 लाख 30 हजार परिवारों में संपर्क किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जिले में 550टोलियों का निर्माण किया गया है। प्रत्येक टोली में 2 मातृशक्तियों को भी जोड़ा गया है।

संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा। समाज परिवर्तन की दृष्टि से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशीयुक्त जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों की भी चर्चा करेंगे। व्यापक गृह संपर्क अभियान का उद्देश्य समाज की बातों को सुनना, समझना और संवाद स्थापित करना है।

### मंडी में मौजूद किसानों से बातचीत कर सुनीं समस्याएं

# एसडीएम ने की मंडी में मक्का कीमतों की समीक्षा, व्यापारियों को दिए सख्त निर्देश

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी-सह-भारसाधक श्रीमति पूर्वी तिवारी ने मंडी सिवनी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों की बैठक ली। मक्का के गिरते बाजार भाव, किसानों को मिलने वाले मूल्य, उठाव में हो रही देरी और भुगतान प्रक्रिया सहित पूरी व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को उपज की गुणवत्ता के अनुरूप अधिकतम संभव मूल्य मिले, मंडी प्रांगण से नियमित उठाव हो और किसानों को बिना विलंब के भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

**किसानों की सुनी समस्या**

एसडीएम ने बैठक के बाद मंडी परिसर का निरीक्षण कर खरीद, तुलाई, भंडारण और परिवहन व्यवस्था का प्रत्यक्ष आकलन किया। मक्का के विभिन्न ग्रेडों पर जा कर गुणवत्ता के आधार पर चल रहे भाव की समीक्षा की। इसी दौरान मंडी में मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। तुलाई में देरी, भाव में उतार-चढ़ाव, उठाव में रुकावटें और भुगतान संबंधी मुद्दों पर किसानों के साथ सीधा संवाद किया। किसानों को आश्वस्त किया गया कि मंडी की हर प्रक्रिया को सुचारू करने के लिए आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएंगे।

**व्यापारियों ने दी जानकारी**

चर्चा के दौरान व्यापारियों ने बताया कि सिवनी मंडी में



वर्तमान स्थिति अन्य निकटतम मंडियों चौरई, छिंदवाड़ा तथा अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अधिकांश कारोबारी गुणवत्ता आधारित खरीद कर रहे हैं और किसानों को मंडी आने पर संतोषजनक भाव मिल रहे हैं। व्यापारियों का कहना था कि यदि परिवहन सुविधा और रेक उपलब्धता सुधर जाए, तो मंडी में कीमतें और मजबूत हो सकती हैं।

**इन कारणों से गिर रहे मक्का के दाम**

व्यापारियों ने मक्का भाव गिरावट के प्रमुख कारणों की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की एथेनॉल नीति के तहत प्लांटों में कम से कम 40 प्रतिशत चावल उपयोग की अनिवार्यता लागू होने से मक्का की खपत में कमी आई है। इससे प्लांटों की मांग घटी और मक्का के बाजार मूल्य पर सीधा असर पड़ा। इसके चलते राज्य के बाहर की कई कंपनियां, जो हर साल सिवनी से बड़े पैमाने पर क्रय करने आती थीं, इस वर्ष नहीं पहुंचीं। व्यापारियों ने यह भी कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा सिवनी के लिए रेक उपलब्ध न कराए जाने से परिवहन लागत काफी बढ़ गई है। महंगा परिवहन भावों को प्रतिस्पर्धी नहीं रहने देता, जिससे बाजार में दबाव बढ़ा है और कीमतें नीचे आई हैं।

बैठक में मंडी सचिव, प्रांगण प्रभारी समीर अग्निहोत्री तथा पूरा मंडी स्टाफ मौजूद रहा।

व्यापारियों में निकेत अग्रवाल, आयुष सिंघानिया, विकास कुमार अग्रवाल, कुंदनलाल सुरेशचंद फर्म के प्रतिनिधि, झनकलाल साहू, हजारीलाल साहू, बालाजी ओवरसीज (नई दिल्ली) के प्रतिनिधि मांगीलाल शर्मा, विकास गुप्ता, कमलेश साहू, सुनील सनोड़िया, हैदराबाद से आए मक्का क्रेता व्यापारी सहित अन्य कई व्यापारी शामिल हुए।

# सुनवारा में हुआ सर्व दलीय किसान आंदोलन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

धनौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत सुनवारा में जहाँ किसानों को खेती की सिचाई के लिए हो रही बिजली की समस्या को लेकर विगत 4 महीने से किसानों के द्वारा संबंधित अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से साशन प्रसासन को ज्ञापन एवं आवेदन के माध्यम से अवगत लगातार अवगत कराया गया,

लेकिन अब तक समस्या का समाधान न होने के कारण आज किसान धरना आंदोलन करने मजबूर हैं।

हजारों की संख्या में सिवनी जिला सुनवारा मुख्यालय में सर्व दलीय किसान आंदोलन में केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर, घंसौर पूर्व विधायक रामगुलाम ऊईके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव, जनपद सदस्य शेख मुस्लिम डब्लू



भाई, विकास बघेल, हर्षवर्धन सिंह बघेल,सुजीत मिश्रा के साथ साथ अन्य दलों के पदाधिकारी ओर हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। यह आंदोलन बिजली से होने वाली समस्याओं को लेकर किया गया है बताया जाता है कि पिछले चार माह सुनवारा ग्राम का ट्रांसफार्मर जला हुआ है जिसको लेकर सभी दलों के द्वारा अनेकों बार एसी - सेवकराम एम दे ,डी - चतुर्भुज पटेल के द्वारा आश्वासन ही मिला काम नहीं हुआ। बिजली विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी तब जाकर बीजेपी, कांग्रेस, ओर गोंडवाना गण तंत्र पार्टी ने किसानों के साथ मिलकर अपना मोर्चा खोल दिया है, जिस पर सर्व दलीय आंदोलन में बोला गया कि जब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगेगा तब तक हम इस आंदोलन जारी रखेंगे, केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर ने कहां में जब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगेगा तब तक में यहां बैठूंगा।